(vi) (g) (vii) (f) (viii) (i) (ix) (a) (x) (d)

F. (i) physical (ii) geographical (iii) mathematical
(iv) mental ❑

12. The Wonderful Words

आइए आरंभ करें!

भाषा के बिना एक विश्व की कल्पना करिए। सारे मानव कम–से–कम एक भाषा बोलते हैं। हमारे द्वारा बोले गये शब्द हमारे विचारों को बाहर लाते हैं। शब्दों पर निम्न कविता को पढ़िए।

किसी भी विचार को मुरझाकर मरने मत दीजिए
उसके कहने का तरीका मिलने के अभाव में
क्योंकि अंग्रेजी एक अद्‌भुत खेल है
और आप सब इसे खेल सकते हैं।
आपको केवल शब्दों को मिलाना है
अपने मस्तिष्क के सबसे चमकीले विचारों से
जिससे कि वह सत्य और स्पष्ट बाहर आएँ
जिन्हें खुबसूरत तरीके से तराशा व खिलाया गया हो—
क्योंकि सबसे प्यारी वस्तुएँ
अभी कहीं ही नहीं गई है।
शब्द विचार का भोजन और वस्त्र होते हैं
जो इन्हें इनका शरीर व लहर देते हैं
आज हरेक की सुनने की इच्छा हो रही है
कुछ ताजी और सुन्दर बातें,
मगर एक विचार को केवल शब्द ही मुक्त कर सकते हैं
आपकी आँखों के पीछे उसके कारागार से
हो सकता है आपके मस्तिष्क में अभी हो
एक बहुत बढ़िया नया आश्चर्य!

Exercise

A. 1. (c); 2. (b); 3. (c)

B. 1. you 2. out clear, true 3. loveliest, said

C. 1. English is a wonderful game because it is easy to find correct words to express your thoughts properly. Mind is a factory for lovely thoughts which can be freed from this prison through the use of words.

2. Thoughts come out loud and clear when we match the words to the brightest thoughts in our head.

3. Today everyone is longing to hear some fresh and beautiful thing.

D. (i) Do not let a thought shrivel and die because **for want of a way to say it.**

(ii) English is a **game** with words that everyone can play.

(iii) One has to match **the words to the brigtiest thoughts in one's mind.**

(iv) Words are the **food and dress** of thought.

E. Do it yourself.

❑

13. The Banyan Tree

आइए आरंभ करें!

आपने बरगद का वृक्ष देखा होगा। यह कहानी उसके बारे में है जो लेखक ने एक युवा लड़के के रूप में देखा जब वह अपने दादाजी के घर में एक पुराने बरगद के वृक्ष में बैठा हुआ था।

भाग 1

यद्यपि घर और उसके मेरे दादा-दादी के थे, पुराना शानदार बरगद का वृक्ष मेरा था—मुख्यत: क्योंकि, अब पैंसठ वर्ष की आयु में, दादाजी उस पर नहीं चढ़ सकते थे।

उसकी फैलती शाखाएँ, जो भूमि तक लटकी थीं और जिनमें फिर से जड़ें निकल आई थीं, जिनमें अनेक मुड़े हुए रास्ते बने थे, मुझे अन्तहीन आनंद देते थे। उनके बीच में गिलहरियाँ और घोंघे और तितलियाँ थे। वृक्ष घर से पुराना, दादाजी से पुराना, स्वयं देहरादून जितना पुराना था। मैं स्वयं को उसकी शाखाओं में भारी हरी पत्तियों में छुपकर नीचे की दुनिया की जासूसी करता।

मेरा पहला मित्र एक स्लेटी गिलहरी था। अपनी कमर के गोल किये और वायु में सूँघते हुए, पहली बार में वह अपनी निजता को मेरे द्वारा उल्लंघन को नापसंद करता। मगर जब उसे पता चला कि मेरे पास गुलेल अथवा बन्दूक नहीं है तो वह मैत्रीपूर्ण हो गया और जब मैं उसके लिए केक और बिस्कुट के टुकड़े लाने लगा, वह साहसी हो गया और जल्दी ही मेरे हाथों से भोजन के छोटे टुकड़े लेने लगा। थोड़े समय बाद वह जेबों में गहरे जाकर जो भी उसे मिलता लेने लगा। वह बहुत युवा गिलहरी था और उसके मित्र व रिश्तेदार शायद उसे, एक मानव पर विश्वास करने के लिए मूर्ख और जिद्दी मानते थे।

वसंत में जब बरगद का वृक्ष छोटे, लाल अंजीरों से भरा होता, हर प्रकार के पक्षी: प्रसन्न और लालची गुलादुम बुलबुल, आपस में झगड़ते तोते, मैना और कौवे, उसकी शाखाओं में भरे रहते। अंजीर के मौसम में बरगद का वृक्ष बगीचे में सबसे अधिक शोर-शराबे वाला स्थान होता।

वृक्ष की आधी ऊँचाई पर मैंने एक कच्चा मंच बनाया था, जहाँ जब अधिक गर्मी न होती, मैं अपनी दोपहर व्यतीत करता। बैठक के एक गद्दी को तने पर लगाये और उस पर अपनी कमर टिकाए मैं वहाँ पढ़ता रहता। बरगद वृक्ष के पुस्तकालय में कुछ पुस्तकें Treasure Island, Huckleberry Finn और The Story of Dr. Dolittle थीं।

जब मेरी पढ़ने की इच्छा न होती, तो मैं पत्तियों के मध्य से नीचे की दुनिया को झाँकता और एक विशेष दोपहर को मैंने भारतीय जंगल का एक उत्कृष्ट नमूना, एक नेवले और एक कोबरा की लड़ाई, को सबसे अच्छे स्थान से देखा।

भाग 2

पास आती गर्मी की गुनगुनी समीर ने माली समेत हरेक को घर के भीतर भेज दिया था। मैं स्वयं उनींदा हो रहा था और मैं सोच रहा था क्या मैं तालाब पर जाकर रामू और भैंसों के साथ तैरूँ

कि तभी मैंने कैक्टस की झाड़ियों में से एक विशाल कोबरा को आराम से बाहर आते देखा। उसी समय एक नेवला झाड़ियों से निकल कर सीधा कोबरा की ओर बढ़ा।

बरगद के वृक्ष के नीचे चमकीली धूप में एक खुले स्थान पर उनका आमना-सामना हो गया। कोबरा को भली-भाँति पता था कि तीन फुट लम्बा स्लेटी नेवला एक चालाक, आक्रामक और जबरदस्त लड़ाका था। मगर कोबरा भी एक कुशल और अनुभवी लड़ाका था। वह तेजी से चल सकता और प्रकाश की गति से मार सकता था और उसके नुकीले दाँतों के पीछे थैलियाँ घातक जहर (विष) से भरी थीं। यह विजेताओं का युद्ध होने जा रहा था।

चुनौती से फुफकारते, अपनी दो नोक वाली जीभ को अंदर-बाहर करते, कोबरा ने अपने छह फुट के शरीर में से तीन फुट को ऊपर उठाते हुए अपने चौड़े, चश्मे वाला फन को फैलाया। नेवले ने अपनी पूँछ को फैलाया। उसकी कमर के बाल खड़े थे।

यद्यपि लड़ाके वृक्ष में मेरी उपस्थिति के बारे में अंजान थे, उनको जल्दी ही दो दर्शकों के आने के बारे में पता चला गया। एक मैना थी और दूसरा एक जंगली कौवा था। उन्होंने युद्ध की तैयारियों को देखा था और परिणाम देखने को कैक्टस पर बैठ गये। अगर वे केवल देखने तक ही सन्तुष्ट रहते तो दोनों के साथ सब कुछ अच्छा रहता।

एक ओर से दूसरी ओर हिलते हुए कोबरा बचाव की मुद्रा में खड़ा हुआ, नेवले को गलत कदम उठाने के लिए मोहित करने का प्रयास कर रहा था। मगर नेवला कोबरा की शीशे जैसी और न झपकने वाली आँखों की शक्ति जाँचता था और उससे आँखें न मिला रहा था। इसके बजाय अपनी नजर को कोबरा के फन के नीचे एक स्थान पर गड़ाए, उसने आक्रमण आरंभ किया।

तेजी से आगे बढ़ते हुए जब तक वह केवल कोबरा की पहुँच में आया, नेवले ने एक ओर गति करने का ढोंग किया। तुरन्त ही कोबरा ने चोट की। उसकी बड़ा फन इतनी तेजी से नीचे आया कि मैंने सोचा नेवले को अब कुछ नहीं बचा सकता। मगर वह छोटा जीव सफाई से एक ओर कूद गया और कोबरा के समान ही तेजी से भीतर आया, नाग को कमर पर काटा और तेजी से पहुँच के बाहर निकल गया।

जिस क्षण दोबारा ने चोट मारी, कौवा और मैना तेजी से उसकी ओर उड़े मगर हवा में आपस में ही टकरा गये। एक-दूसरे पर क्रोध में चीखते हुए वे कैक्टस पर वापस लौट गये। कोबरा की कमर पर रक्त की कुछ बूँदें चमक रही थीं।

कोबरा ने चोट मारी और चूक गया। फिर से नेवला तेजी से एक ओर कूदा, भीतर कूदा और काट लिया। फिर से पक्षियों ने साँप पर गोता लगाया, आपस में टकराये और चीखते हुए कैक्टस की सुरक्षा में वापस आ गये।

तीसरा चक्र भी पहले दो के समान चला मगर एक नाटकीय अन्तर के साथ। कौवा और मैना, कार्यक्रम में भाग लेने में अभी भी दृढ़, ने कोबरा पर गोला लगाया, मगर इस बार वे अपने लक्ष्य और एक-दूसरे को भी चूक गये। मैना तो उड़ती हुई अपने ठिकाने को पहुँच गई, मगर कोबरा ने मध्य वायु ने ऊपर उठ कर मुड़ने का प्रयास किया। उसी एक सेकिण्ड में जो पक्षी को यह करने में लगा, कोबरा ने अपने सिर को झटके से पीछे हटाया और बहुत शक्ति से मारा, उसका फन कौवे के शरीर से जोर से टकराया।

मैंने पक्षी को बगीचे में बीस फुट फेंके जाते देखा। वह कुछ देर फड़फड़ाया और शान्त हो गया। मैना कैक्टस पर ही रही और जब नाग और नेवला फिर से लड़ने लगा, तो उसने हस्तक्षेप न करने का बुद्धिमानी भरा निर्णय लिया। कोबरा कमजोर पड़ रहा था और नेवला निडरता से उसकी ओर बढ़ा और अपने छोटे पैरों पर स्वयं को उठाकर बिजली की गति से बड़े नाग को थूथन से पकड़ लिया। कोबरा डरावने ढंग से तड़प और पटक रहा था और अपने आपको नेवले के चारों ओर लपेट लिया मगर कोई फायदा नहीं हुआ। छोटा जीव कस के पकड़े रहा जब तक साँप का तड़पना बंद न हो गया। फिर उसने उसकी काँपती लम्बाई को सूँघा, उसके फन को पकड़ा और उसे झाड़ियों में घसीट ले गया।

मैना सावधानी से भूमि पर उतरी, इधर-उधर कूदी, सुरक्षित दूरी से झाड़ियों में झाँका और फिर बधाई देने की तीखी पुकार के साथ उड़ गई।

Exercise

A. 1. (b); 2. (c); 3. (a)

B. 1. platform 2. drowsy 3. missed

C. 1.

	Mongoose	**Cobra**
(a)	Superb fighter	experienced fighter
(b)	clever	skilful
(c)	aggressive	strike with the speed of light

2. The myna and the jungle crow were the other two spectators. They settled on the cactus to watch the battle of champions.
3. In the end, the crow died as he had been bitten by the cobra. The myna dropped cautiously to the ground, hopped about, peered into the bushes from a safe distance, and with a shrill cry of congratulation, flew away.

D. Do it yourself.

E. The tree is 100 years old.

1. Ruby is short. She is shorter than Zeba and Rani. Zeba and Rani are taller than Ruby. Zeba is as tall as Rani.
2. Vijay is as strong as Akshay. Anwar is stronger than Vijay and Akshay.
3. Srinagar is cold. It is colder than Shimla and Gangtok. Shimla and Gangtok are hotter than Srinagar.
4. Mona's pencil is 5 inches long. It is longer than Romi's pencil and Raja's pencil. Romi's pencil is as long as Raja's pencil.
5. Chennai is hot. Delhi is as hot as Nagpur. Delhi and Nagpur are hotter than Chennai.

F. 1. In the story, the word 'round' means a stage in a fight or competetion.

2. Hari leaves for work at nine every morning. He works in the local <u>branch</u> of the <u>firm</u> of which his uncle is the owner. Hari's success is really the <u>fruit</u> of his own labour. He is happy, but he has a small

problem. The root cause of his problem is a stray dog near his office. The dog welcomes Hari with a loud bark every day.

G. 1. delving 2. gliding 3. darting 4. sprang
5. whipped, back 6. dived

H. 1. The cobra struck the crow, his snout th**udd**ing against its body.
2. The cobra and the myna c**oll**i**ded** in mid-air.
3. The birds dived at the snake, but b**umpe**d into each other instead.

I. 1. Elephants could fly in the sky, like clouds. They could also change their shapes. They would fly behind clouds and frighten them. People would look up the sky in wonder.
2. Because there was no electricity, he would get up with the sun, and he would go to bed with the sun, like the birds.
3. Like the owl, he could see quite well in the dark. He could tell who was coming by listening to their footsteps.

❑

14. Vocation

आइए आरंभ करें!

विद्यालय या बाजार जाते समय आप अनेक लोगों को काम करते देखते हैं। अपने साथी के साथ चर्चा करें कि आपने क्या देखा। फिर इस कविता को पढ़िए। अगर आप चाहें तो अपने साथी के साथ इसे जोर से बोलकर पढ़ सकते हैं।

सवेरे दस बजे जब घंटी बजती है और मैं हमारी गली से विद्यालय जा रहा होता हूँ,
हर दिन मैं, ''चूड़ियाँ, शीशे की चूड़ियाँ'' चिल्लाते फेरी वाले से मिलता हूँ!
उसे कोई आवश्यकता नहीं जल्दी की, किसी सड़क पर जाने की, किसी स्थान पर जाने की, किसी विशेष समय घर आने की।
मेरी इच्छा है मैं फेरीवाला होता, ''चूड़ियाँ, शीशे की चूड़ियाँ!'' चिल्लाते, अपना दिन सड़क पर बिताता होता।
जब दोपहर चार बजे में विद्यालय से वापस आता हूँ,
उस घर के फाटक से माली को खोदते देखता हूँ।
वह अपने फावड़े से जो चाहे करता है, अपने कपड़े धूल में गंदे करता है, कोई उसे कुछ कहती नहीं है, अगर वह धूप में पकता या गीला हो जाता है।
मेरी इच्छा है मैं बगीचे में खुदाई करता माली होता और मुझे कोई रोकने वाला न होता।
शाम को जैसे ही अँधेरा होता और माँ मुझे बिस्तर पर भेज देती हैं। मैं अपनी खुली खिड़की से चौकीदार को ऊपर-नीचे जाते देखता हूँ। गली अँधेरी व सुनसान है और पथ-प्रकाश अपने सिर में लाल आँख वाले एक विशाल दैत्य के समान खड़ा है।

अपनी लालटेन को झुलाते और अपनी छाया को साथ लिए चौकीदार टहलता रहता है और अपने जीवन में कभी भी सोता नहीं है।

मेरी इच्छा है मैं पूरी रात सड़क पर टहलता चौकीदार होता, अपनी लालटेन से परछाइयों का पीछा करता होता।

Exercise

A. 1. (c); 2. (a); 3. (a)

B. 1. hurry 2. soils, dust 3. shadow

C. 1. The speaker in the poem is a young school going child. The speaker meets a hawker, a gardener and a watchman. The hawker is selling bangles, the gardener is digging the ground while the watchman is guarding streets and buildings.

2. In the poem, the child wishes to be a hawker, a gardener and a watchman.

He wants to be a hawker because there is nothing to hurry him on, no road he must take, no place he must go to and no time when he must come home.

He wants to be a gardener because he does what he likes, he soils his clothes, nobody takes him to task if he gets baked in the sun or gets wet.

He wants to be a watchman who walks with his shadow by his side, and never once goes to bed in his life.

D.

The child must come home at a fixed time.	**The child must not get his clothes dirty in the dust.**
The child must hurry home.	He must not take certain road.
The child must go to bed on time.	He must not go to certain places.
The child must eat green vegetables.	The child must not do what he likes.
The child must eat fruits.	He must not lay in the sun.
The child must drink milk.	He must not get wet.
The child must have limited TV time.	The child must not go to lonely and dark places.
	The child must not eat junk food.
	The child must not have colas.

E. Do it yourself.

F. Do it yourself.

❑

15. Fair Play

आइए आरंभ करें!

क्या आपके सबसे अच्छे मित्र ने ऐसा करा है जो आपके विचार में गलत था? फिर आपने क्या किया? क्या आप चुप रहे या आपने अपने मित्र को अपने विचार बताया?

दो मित्रों जिन्हें निर्णय लेना था कि क्या अधिक महत्त्वपूर्ण था—मित्रता और शत्रुता अथवा क्या सत्य है और क्या गलत है का बोध के बारे में इस कहानी को पढ़िए।

भाग 1

जुम्मन शेख और अल्गू चौधरी अच्छे मित्र थे। उनकी मित्रता का बन्धन इतना मजबूत था कि जब उनमें से कोई भी गाँव से बाहर जाता तो दूसरा उसके परिवार का ध्यान रखता। दोनों का गाँव में बहुत सम्मान था।

जुम्मन की एक वृद्ध मौसी थी जिसकी कुछ सम्पत्ति थी। इसे उसने इस शर्त पर स्थानान्तरित किया कि वह उसके साथ रहेगी और वह उसका ध्यान रखेगा। यह व्यवस्था दो वर्षों तक टीक चली। फिर स्थिति बदल गई। जुम्मन और उसका परिवार वृद्ध रिश्तेदार से थक गये थे। उनके प्रति जुम्मन भी अपनी पत्नी जो वृद्ध महिला द्वारा चाहे गये थोड़े से भोजन से कुढ़ती थी, के समान ही उदासीन हो गया। कुछ महीनों तक यह इस अपमान को अपने भोजन के साथ निगलती रही। मगर धैर्य की भी अपनी सीमा होती है।

एक दिन उसने जुम्मन से कहा, ''मेरे बेटे, अब यह स्पष्ट है कि तुम्हारे घर में मेरी आवश्यकता नहीं है। कृपया करके मुझे मासिक भत्ता जिससे कि मैं अलग रसोई बना सकूँ।''

''घर को चलाना मेरी पत्नी को सबसे अच्छा आता है। धैर्य रखो,'' जुम्मन ने बेशर्मी से कहा। इससे उसकी मौसी बहुत क्रोधित हो गई और उसने अपना मामला गाँव की पंचायत में ले जाने का निर्णय लिया।

कई दिनों तक वृद्ध महिला को ग्रामीणों को अपना मामला समझाते और उनका समर्थन माँगते देखा गया। कुछ को उससे सहानुभूति थी, कुछ उस पर हँसे और कुछ और ने उसके भाँजे व उसकी पत्नी से मेल करने को कहा। अन्त में, वह अल्गू चौधरी पर पहुँची और उससे कहा, ''आपको पता है चाची, जुम्मन मेरा सबसे अच्छा मित्र है। मैं उसके विरुद्ध कैसे जा सकता हूँ?'' अल्गू बोला। ''पर मेरे बेटे, चुप रहना और उसे न कहना जो तुम निष्पक्ष और न्यायसंगत मानते हो उसे न कहना, क्या यह सही है?'' वृद्ध महिला ने विनती की। ''पंचायत में आओ और सत्य कहो,'' वह बोली। अल्गू ने उत्तर नहीं दिया किन्तु उसके शब्द उसके कानों में गूँजते रहे।

भाग 2

पंचायत उसी शाम एक पुराने बरगद के वृक्ष के नीचे लगी। जुम्मन ने खड़े होकर कहा, ''पंच की आवाज ईश्वर की आवाज होती है। मेरी मौसी को मुख्य पंच मनोनीत करने दीजिए। मैं उनके निर्णय को स्वीकार करूँगा।''

''पंच न मित्र न शत्रु को मानता है। तुम अल्गू चौधरी को क्या कहते हैं?'' उस वृद्ध महिला ने घोषणा की।

''ठीक है,'' इस अप्रत्याशित भाग्य पर अपनी प्रसन्नता छुपाते हुए जुम्मन बोला। ''चाची, तुम जुम्मन से मेरी मित्रता के बारे में जानती हो,'' अल्गू ने कहा।

''मुझे पता है,'' मौसी बोली, ''मगर मैं यह भी जानती हूँ कि तुम मित्रता के लिए अपनी अन्तरात्मा को नहीं मारोगे। पंच के हृदय में ईश्वर रहता है और उसकी आवाज ईश्वर की आवाज है।'' और वृद्ध महिला ने अपने मामले का विवरण दिया।

''जुम्मन,'' अल्गू ने कहा, ''तुम और मैं पुराने मित्र हैं। तुम्हारी मौसी मुझे भी उतनी ही प्रिय हैं जितने तुम। अब मैं एक पंच हूँ। तुम और तुम्हारी मौसी मेरे सामने बराबर हैं। अपने बचाव में तुम्हें क्या कहना है?''

''तीन वर्ष पूर्व,'' जुम्मन आरम्भ हुआ, ''मेरी मौसी ने अपनी सम्पत्ति मुझे स्थानान्तरित कर दी। मैंने जब तक वे जीवित रहे उनका समर्थन करने का वायदा किया था। मैंने वो सब किया जो मैं कर सकता था। मेरी पत्नी और उनके बीच में दो-चार लड़ाइयाँ हो चुकी हैं मगर मैं उन्हें नहीं रोक सकता। अब मेरी मौसी मुझसे मासिक भत्ता माँग रही हैं। यह सम्भव नहीं है। मुझे केवल यही कहना है।''

जुम्मन ने अल्गू और दूसरों द्वारा प्रश्न पूछे गये। फिर अल्गू ने घोषणा की। ''हमने मामले को ध्यान से देखा है। हमारी राय में जुम्मन को अपनी मौसी को मासिक भत्ता देना होगा अन्यथा सम्पत्ति उन्हें वापस चली जाएगी।''

अब दोनों मित्र कभी-कभार ही साथ दिखते। उनके बीच का मैत्री का बन्धन टूट गया था। वास्तव में, जुम्मन अल्गू का दुश्मन बन गया था और अपना बदला चाहता था।

भाग 3

दिन बीतते गए और दुर्भाग्यवश अल्गू ने स्वयं को मुसीबत में फँसा पाया। उसके अच्छे बैलों के जोड़े में से एक मर गया और उसने दूसरे को गाँव के एक गाड़ीवान समझू साहू को बेच दिया। शर्त यह थी कि समझू बैल की कीमत एक माह में चुका देगा। ऐसा हुआ कि बैल एक माह के भीतर मर गया।

बैल की मृत्यु अनेक माह बाद अल्गू ने समझू को उन पैसों के बारे में याद दिलाया जो उसने अभी नहीं दिये थे। साहू बहुत क्रोधित हुआ, ''मैं तुम्हें उस मनहूस जानवर, जो तुमने मुझे बेचा था, के लिए कौड़ी भी नहीं दूँगा। वह हमारे लिए केवल बर्बादी के कुछ और नहीं लाया। मेरे पास एक बैल है। उसका एक माह तक उपयोग और फिर मुझे वापस कर देना। मरे बैल के लिए कोई पैसा नहीं,'' वह क्रोध से बोला।

अल्गू ने मामले को पंचायत ले जाने का निर्णय लिया। कुछ ही माह में, पंचायत दोबारा लगने की तैयारियाँ होने लगीं और दोनों पक्ष उनका समर्थन जुटाने के लिए लोगों से मिलने लगे।

पंचायत पुराने बरगद के वृक्ष के नीचे लगी। अल्गू खड़ा होकर बोला, ''पंच की आवाज ईश्वर की आवाज है। साहू को मुख्य पंच को मनोनीत करने दें। मैं उसके निर्णय को स्वीकार करूँगा।''

साहू ने अपना मौका देखा और जुम्मन का नाम प्रस्तावित कर दिया। अल्गू का हृदय डूब गया और वह पीला पड़ गया। लेकिन वह क्या कर सकता था?

जिस क्षण जुम्मन मुख्य पंच बना तो उसे न्यायाधीश के अपने उत्तरदायित्व और अपने कार्य की मर्यादा का अहसास हुआ। क्या वह, उस ऊँचे स्थान पर बैठ कर अपना बदला ले सकता है, उसने बहुत सोचा। नहीं, उसे सत्य बोलने और न्याय करने के रास्ते में अपनी निजी भावनाओं के आड़े नहीं आने देना चाहिए।

अल्गू और समझू दोनों ने अपने पक्ष रखे। उनसे प्रश्न पूछे गये और मामले पर गहनता से विचार किया गया। फिर जुम्मन खड़ा हुआ और घोषणा की, ''यह हमारी राय है कि साहू को अल्गू को बैल की कीमत देनी चाहिए। जब साहू ने बैल खरीदा था, तब उसे कोई विकलांगता अथवा बीमारी नहीं थी। बैल की मृत्यु दुर्भाग्यशाली थी परन्तु उसके लिए अल्गू को दोष नहीं दिया जा सकता।''

अल्गू अपनी भावनाओं पर काबू न रख पाया। वह खड़ा हुआ और जोर से बार-बार बोलने लगा, ''पंचायत की जय हो। यही न्याय है। पंच की आवाज में ईश्वर बसता है।

जल्दी ही जुम्मन अल्गू के पास आया और उसे गले लगा कर बोला, ''पिछली पंचायत के बाद से मैं तुम्हारा शत्रु बन गया था। आज मुझे समझ आया कि पंच बनने का क्या अर्थ होता है। वह केवल न्याय जानता है। किसी को भी मित्रता अथवा शत्रुता के लिए न्याय और सत्य की राह से नहीं भटकना चाहिए।''

अल्गू अपने मित्र को गले लगा कर रो दिया और उसके आँसुओं ने उनके बीच की गलतफहमियों की सारी धूल को धो दिया।

Exercise

A. 1. (c); 2. (b); 3. (a)

B. 1. best, house 2. panchayat 3. Jumman, Algu

C. 1. The situation referred here is the one where Jumman's aunt transferred her property to him on the condition that she would live with him and he would look after her.

2. When Jumman's aunt realised that she was not welcome in his house, she suggested that she be given a monthly allowance so that she could set up a separate kitchen.
3. When the aunt said that "God lives in the heart of the *panch*", she meant that the *Panch* is always just and fair because he knows neither friend nor enemy.
4. Algu's problem was that he had sold one of his fine bullocks to a cart driver, Samjhu Sahu, on the condition that the price of the bullock would be paid in a month. But since the bullock died, Sahu refused to pay the money.
5. As head *Panch*, Jumman's verdict was that Sahu should pay Algu the price of the bullock. Algu welcomed the decision and said that a *Panch* has no friend nor enemy.

D. 1. When I saw a pile of dirty dishes, *my heart sank*.

2. He has been told not to *take chances* while driving a car through a crowded street.

3. *As ill luck would have it*, the train I was trying to catch was cancelled.
4. It will *ease my conscience* to know that I had done nothing wrong.
5. The patient needs to be properly *looked after*.
6. The best way to avoid an unnecessary argument is to *keep mum*.
7. They criticised him in the meeting but he *swallowed* all the criticism.
8. I was in *a tight spot* till my friends came to my rescue.
9. I will *go into* the matter carefully before commenting on it.
10. Why don't the two of you *make it up* by shaking hands?

E. 1. set aside 2. set down 3. set out 4. set up
5. sets in

F. 1. close 2. young 3. remember 4. sharp
5. dry

G. Do it yourself. **H.** Do it yourself.

I. Do it yourself.

❑

16. Going to buy a Book

आइए आरंभ करें!

एक दिन, दादाजी ने मेरे भाई
और मुझे कुछ पैसे दिये।
''जाओ और पुस्तकें खरीदो,'' वह बोले।
हम दोनों बहुत प्रसन्न हुए।
हम दोनों पढ़ने से प्रेम करते हैं।
क्या हम अभी जाएँ?
क्या हम बाद में जाएँ?
क्या हम आज जाएँ?
क्या हम कल जाएँ?
हमने अभी जाने का निर्णय लिया।
क्या हम बड़े बाजार जाएँ?
क्या हम छोटी दुकान जाएँ?
क्या हम किसी के साथ जाएँ?
क्या हम अकेले जाएँ?
हमने छोटी दुकान जाने का निर्णय लिया,
केवल हम दोनों।
हमें छोटी दुकान पसंद है।
वह छोटी है मगर उसमें अनेक पुस्तकें हैं।

दुकान में व्यक्ति हमें पसंद करता है।
वह सदा हमारी सहायता करता है।
क्या मैं ढेर सारे चित्रों वाली पुस्तक खरीदूँ?
क्या मैं ढेर सारी कहानियों वाली पुस्तक खरीदूँ?
क्या मैं पतली पुस्तक खरीदूँ?
मैं निर्णय नहीं कर पाई।
हमें पता नहीं था कि कौन-सी पुस्तकें खरीदें।
दुकान में व्यक्ति हमारी ओर मुस्कराया।
''तनाव न लो, मेरे साथ आओ,'' वह बोला।
''यह पुस्तकें जानवरों के बारे में हैं।
ये मशीनों के बारे में हैं।
वे वहाँ पर युद्धों के बारे में हैं।
जो चाहिए ले लो।''
मैंने कुछ पुस्तकें उठाईं।
मेरे भाई ने कुछ पुस्तकें उठाईं।
मैं फर्श पर बैठ गई।
वह कुर्सी पर बैठ गया।
और हम पढ़ते रहे और पढ़ते रहे और पढ़ते रहे।
बहुत शान्ति थी।
कोई आवाज नहीं थी।
एक घंटा बीत गया।
दो घंटे बीत गये।
अन्त में, हम जान गये कौन-सी पुस्तकें खरीदनी हैं।
मैंने ढेर सारी कहानियों वाली एक मोटी पुस्तक खरीदी।
मेरे भाई ने ढेर सारी कहानियों वाली एक बड़ी पुस्तक खरीदी।
हम दौड़ते हुए दादाजी के पास घर भागे।
हम उनके बिस्तर पर चढ़ गये।
उन्होंने हमें बाहों में भर लिया और फिर
हम पढ़ते रहे और पढ़ते रहे और पढ़ते रहे।

Exercise

A. 1. (c); 2. (a); 3. (b)

B. 1. small, many 2. likes 3. finally, books

C. 1. The grandfather gave money to the children to buy books.
2. They went to the small shop to buy books.
3. No, the girl did not buy a picture book.

D. Do it yourself.
E. It was a **dark** night. A **little** girl sat up in bed listening to her mother tell a **nice** story. Her **bright** eyes opened wide and she gave a **beautiful** smile. "Now go to sleep, Priya," her mother closed the book. "**Sweet** dreams."
F. Do it yourself.
G. or, or, and, and, or
H. Do it yourself.
I. Do it yourself.
J. Do it yourself.

❑

17. The Journey Through the Desert

आइए आरंभ करें!

क्या कहानियाँ सुनना अथवा पढ़ना हमारे जीवन को प्रभावित करता है। पेश है कहानी सुनाने की शक्ति के बारे में एक मार्मिक कहानी.....

कुछ वर्ष पहले तक मेरे पास ड्राइवर नहीं था, और हर स्थान पर अपनी गाड़ी स्वयं ही चलाती। वह पैट्रोल पम्प जहाँ से मैं पैट्रोल भरवाती, उसके बराबर में एक सर्विस स्टेशन था। कुछ शनिवार को, मैं अपनी कार को उस सर्विस स्टेशन पर ले जाती और उसकी मरम्मत होने तक वहीं रहती। वहाँ पर दो लड़के थे, शायद पन्द्रह वर्ष के, जो वहाँ काम करते थे। वे समरूप जुड़वा थे। एक का नाम राम और दूसरे का गोपाल था। वे बहुत गरीब थे और विद्यालय नहीं जाते थे, फिर भी वे कई भाषाएँ बोल सकते थे।

यद्यपि बैंगलोर कर्नाटक की राजधानी है, कन्नड़ ही यहाँ बोली जाने वाली एकमात्र भाषा नहीं है। अनेक लोग यहाँ प्रदेश के बाहर से आकर इस सुन्दर नगर में बस गये हैं, अत: बैंगलोर बहुत सर्वव्यापी बन गया है। यह लड़के स्टेशन पर कार्य करते समय अनेक लोगों से मिले थे और इसलिए कन्नड़, जो इनकी मातृभाषा थी, बोल सकते थे और साथ ही तमिल, तेलुगू और हिन्दी। राम और गोपाल चपरासी का कार्य करते थे। वे सदा बहुत प्रसन्न रहते और हर कोई उन्हें पसंद करता। मेरी कार की मरम्मत होने में लगभग दो घंटे लगते। लड़के मेरे लिए कुर्सी लाते और मैं वृक्ष की छाँव में बैठ कर कुछ पुस्तकें पढ़ती।

समय बीतने के साथ मैं उनसे मैत्रीपूर्ण हो गई और उन्होंने मुझे अपने जीवन के बारे में बताया। उनके पिता नहीं थे। उनकी माँ मजदूरी करती थी। वे पास की एक झुग्गी में अपने मामा के साथ रहते थे। वे कक्षा चार तक पढ़े थे मगर छोड़ना पड़ा क्योंकि जारी रखने के लिए वे बहुत गरीब थे। उन्हें घर पर पढ़ाने और मार्गदर्शन करने के लिए कोई नहीं था। यद्यपि सर्विस स्टेशन पर वेतन अधिक नहीं था, उन्हें नाश्ता और दोपहर का भोजन मुफ्त मिलता और कभी कार मालिकों से बख्शीश मिल जाती। उनके कार्य के घंटे तय नहीं थे। वे सवेरे लगभग आठ बजे आते और घर केवल शाम के आठ बजे ही जा पाते। उन्हें केवल रविवार को ही अवकाश मिलता।

उनके द्वारा झेली जाने वाली सारी समस्याओं के बावजूद, यह बच्चे सदा मुस्कराते रहते। वे कभी न नहीं कहते और करने के लिए कहे गये कार्य की कभी शिकायत नहीं करते थे। मैंने अनेक धनी परिवारों में दुखी और नाखुश बच्चे देखे हैं। अगर आप उन्हें कार्य करने को कहें, वे उन्हें टालने के सैकड़ों कारण देंगे। मेरे विचार से प्रसन्नता बैंक में जमा धन पर निर्भर नहीं होती। मैं उन दोनों लड़कों को उनके उत्साह के लिए वास्तव में पसंद करती थी। कभी-कभार मैं उनके लिए कुछ खाने की वस्तुएँ और पुरानी कमीजें ले जाती। वे वस्त्रों को बहुत प्रसन्नता से लेते मानो वे रेशम के बने हों। मगर मैंने उन्हें वे वस्त्र पहने कभी नहीं देखा। जब मैंने पूछा, उन्होंने कहा, ''मैडम, हम कार्य के लिए सदा गंदे वस्त्र पहनते हैं क्योंकि स्टेशन पर वे तेल में पुत जाते हैं।''

एक बार मैं उनके लिए यह सोच कर कि वे उन्हें रात में पढ़ लेंगे, कुछ कहानियों की पुस्तकें ले गई, आखिरकार, जब उनकी आयु के बच्चे विद्यालय में पढ़ रहे थे और हॉकी और शतरंज की प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे थे, ये लड़के गुजारा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे। मगर जब मैंने उन्हें कहानी की पुस्तकें दीं, उनके चेहरे पीले पड़ गये और मैंने उनके चेहरों पर नाखुशी का भाव देखा। वे बोले, ''मैडम हमें पढ़ने में बहुत समय लगता है क्योंकि हमें पढ़ने की आदत नहीं है। क्या आप हमें कहानी सुनाएँगी?''

''मैं तुम्हें कहानी यहाँ कैसे सुनाऊँगी जब तुम सारे समय काम करते रहते हो?''

''हमें लगभग चार बजे कुछ खाली समय मिलता है। जब आप अपनी कार की मरम्मत कराने आएँ, हम आपके साथ बैठ जाएँगे और कहानी सुनेंगे।''

उनकी आँखों की दो जोड़ियाँ कहानियों के लिए मुझसे याचना कर रही थीं और मैं न नहीं कह सकी। मुझे याद आया कि कैसे मेरे बच्चे सदा जोर देते कि मैं उन्हें रात में कहानी सुनाऊँ। मैं मान गई। इस प्रकार प्रत्येक शनिवार की शाम को उन्हें कहानियाँ सुनाना मेरे लिए सामान्य हो गया। अगर मेरी कार को मरम्मत की आवश्यकता नहीं होती, तब भी मैं वहाँ जाती। जब मैं उन्हें अपनी कहानियाँ सुनती, वे बहुत सचेत रहते और औरों के लिए बेसब्री से इंतजार करते। ऐसा कई माह तक चलता रहा। फिर मैंने एक ड्राइवर रखने का निर्णय लिया और स्वयं कार चलाना बन्द कर दिया। उसके बाद मेरा ड्राइवर कार को मरम्मत के लिए ले जाने लगा और मैं राम और गोपाल से लंबे समय तक नहीं मिली।

समय जल के समान बहता है। एक दिन, लगभग एक दशक के बाद, मेरे ड्राइवर ने कार में एक समस्या के बारे में बताया। मैंने उसे कार की मरम्मत करने को कहा। मेरी पुरानी कार की जीवन अवधि समाप्त हो चुकी थी मगर अभी भी कार्य कर रही थी। जब मेरा ड्राइवर गैरिज से वापस आया, वह बोला, ''कार पर कार्य करने के बाद मिस्त्री ने आपके बारे में पूछा। क्या आप गुड लक गैरिज के मालिक को जानती हैं?''

''मैंने नाम नहीं सुना है। क्या यह नई गैरिज है?''

''अपेक्षाकृत नई है। मैं सदा नौजवानों की गैरिज जाना पसंद करता हूँ। यह नौजवान बहुत ईमानदार है। ऐसा लगता है वह आपको लंबे समय से जानता है। उसने पूछा कि क्या आप अभी भी कॉलेज में पढ़ा रही हैं।''

मैं किसी के बारे में नहीं सोच पाई जो अब एक गैरिज का मालिक हो। चूँकि मेरे ड्राइवर को उसका नाम भी नहीं पता था, मुझे उसका पता न चला और मान लिया कि वह मेरा कोई पुराना छात्र होगा, यद्यपि मैं कम्प्यूटर साइंस पढ़ाती हूँ, मेरी समझ में नहीं आया कि यह व्यक्ति ऑटोमोबाइल्स इंजीनियरिंग में कैसे चला गया। बाद में, जब मेरे ड्राइवर ने दोबारा बताया कि गैरिज के मालिक ने मेरे बारे में पूछा था, मेरे को लगा कि मुझे जाकर उस व्यक्ति से मिलना चाहिए जो मेरे कल्याण में इतनी रुचि ले रहा था।

अगले दिन मैं गुड लक गैरिज गई। यह अच्छी तरह से सुसज्जित एक आधुनिक गैरिज थी। वहाँ एक शीशे का केबिन था जहाँ मुझे लगा कि मालिक बैठा हो। जैसे ही मैं भीतर घुसी, नीली पोशाक पहने एक सजीले नौजवान ने मेरा अभिवादन किया। वह अपने हाथ में एक पाना और पेंचकस लिए था।

''मैडम, कृपया आकर केबिन में बैठिए। मैं एक मिनट में हाथ धोकर आपके पास आता हूँ।''

मैं उसके कार्यालय में सोफे पर बैठ गई। वह एक अच्छा व्यवहारिक कार्यालय था। नौजवान थोड़ा जाना-पहचाना लग रहा था। मैं जानती थी कि मैं उससे कहीं मिली हूँ पर समझ नहीं पा रही थी। मैंने सोचा कि शायद इस लड़के को प्री-युनिवर्सिटी में पढ़ाया है। उस समय, लड़के सोलह या सत्रह वर्ष के ऊर्जा से भरे किशोर के होते हैं। उनके बड़े होने के बाद जब मैं उनसे मिलती हूँ, मैं उन्हें पहचानने में अक्सर असफल रहती हूँ। वे इतने भिन्न और परिपक्व हो जाते हैं। वह नौजवान जल का एक गिलास और एक मग कॉफी लेकर आया।

''मैडम, आप बहुत बदल गई हैं। आप वृद्ध और थकी लग रही है।''

''मुझे क्षमा करें पर मुझे आपका नाम याद नहीं आ रहा। मुझे क्षमा करें और मुझे अपना नाम बताइए। जैसा कि आपने कहा, मैं वृद्ध हो रही हूँ।''

वह मुझे देख कर मुस्कुराया। उसके गाल में एक गड्ढा था और तब मुझे पता चला कि वह कौन था। वह उन दो बच्चों में से एक था जो एक दशक पहले गैरिज में कार्य करते थे। क्या वह राम या गोपाल था? उन दिनों में भी मैं भ्रमित हो जाती थी। मैंने उससे पूछा, ''क्या तुम राम हो या गोपाल हो?''

''मैडम, मैं राम हूँ।''

''कृपया बैठो। मैं तुम्हें इस स्थिति में देखकर बहुत प्रसन्न हूँ।''

मैं अब समझ गई कि राम ने मेरी कार को पहचानने के बाद मेरे बारे में क्यों पूछा था।

''मैडम, मैं उन दिनों में आपके द्वारा की गई सहायता के लिए कृतज्ञ हूँ।''

''मैंने क्या सहायता की? मैं तो तुम्हें कुछ पुरानी कमीजें और खाने की वस्तुएँ देती और कुछ कहानियाँ सुनाती थीं।''

''मैडम, आप नहीं जानती आपकी कहानियों ने किस प्रकार मेरा जीवन बदल दिया। क्या आपको वो कहानियाँ याद हैं जो आपने हमें सुनाई थीं?''

मुझे याद नहीं। मेरे दिमाग में कहानियों के समंदर में से मैंने कुछ उन्हें सुनाई थी।

''नहीं, मुझे याद नहीं है।''

वह मेरे सामने बैठ गया, अपनी आँखें बंद की और अपनी कहानी सुनानी आरंभ की।

''मैडम, हमारा जीवन बहुत मुश्किल था। आपको उस बारे में पता है। हर शनिवार को आपके आने का हमें इंतजार रहता था। जब हम आपकी कहानियाँ सुना करते थे। हम अपने मामा के साथ रहते थे और जो भी हम कमाते, वह ले लेते थे। आपकी कहानियाँ ही हमारे कठिन और उबाऊ जीवन से एकमात्र बचाव थीं। हमारे कार्य के घंटे लंबे थे। मुझे लगता था कि मैं विद्यालय जाऊँ और अपनी पढ़ाई जारी रखूँ। मगर सारे रात्रि विद्यालय हमारे रहने के स्थान से दूर थे। घर से किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता या समर्थन के बिना, लगता था कि पढ़ना केवल स्वप्न ही रहेगा, जब तक हमने आप की कहानियों में से एक न सुनी। उसने हमारे जीवन में बहुत बड़ा अन्तर पैदा किया।''

अब मैं जानने को उत्सुक थी कि आगे क्या हुआ।

''मुझे बताओ वह कहानी कौन-सी थी।'' अब भूमिकाएँ बदल गई थीं। मैं सुनने वाली थी और वह कहानी सुनाने वाला था।

''एक बार किसी गाँव में अनेक गरीब व्यक्ति थे। वे सब एक रेगिस्तान को पार करके एक नगर जाना चाहते थे जहाँ जीवन बेहतर और भविष्य उज्जवल था। अनेक लड़के जाना चाहते थे। गाँव में बड़ों ने उन्हें बताया था, ''अगर तुम जीवन में कुछ करना चाहते हो, तुम्हें उस नगर जाना ही होगा। रेगिस्तान से पत्थर उठाकर उस नगर ले जाओ। कोई-न-कोई खरीदार तुम्हें उन विलक्षण पत्थरों की कीमत देगा।'' एक सवेरे, दो लड़के अपनी यात्रा पर निकले। वे अपने साथ जल व भोजन ले जा रहे थे। आरंभ में रेत अभी ठंडी थी और सूर्य अभी गर्म न था। उन्हें थकान नहीं हो रही थी और वे चलते गये। कुछ समय पश्चात् सूर्य उनके सिरों के ऊपर आ गया और रेत गर्म होने लगी। एक लंबे समय बाद, उन्हें लगा कि वे रेगिस्तान के सिरे पर पहुँच गये हैं। इसलिए उन्होंने सारा भोजन खा लिया और सारा जल पी लिया। मगर जल्दी ही उन्हें आभास हुआ कि वे केवल आधा ही रेगिस्तान चले हैं।

नगर में बेचने के लिए वे पत्थर एकत्रित करने लगे। कुछ समय बाद उनके बस्ते पत्थरों से भर और भारी हो गये। एक लड़के को लगा कि वह उठाने को बहुत भारी है अत: उसने सारे पत्थर फेंक दिये और वापस जाने का निर्णय लिया। दूसरा लड़का बोला, ''हमसे जो हमारे बड़ों ने कहा है वह करना चाहिए। कुछ भी हो, हमें यह रेगिस्तान पार करके नगर जाना होगा।''

पहले लड़के ने नहीं सुनी और वापस चला गया। दूसरे लड़के ने नगर की ओर चलाना जारी रखा। पत्थर एकत्रित करते, अकेले यात्रा करते, पीने के लिए बिना जल के, वह एक कठिन यात्रा थी। अनेक बार उसे लगा कि उसका मित्र सही था। यह अवश्म्भावी नहीं था कि कोई उनके पत्थर खरीदे ही।

किन्तु विश्वास और उम्मीद के भरोसे वह चलता रहा। काफी समय चलने के बाद वह नगर पहुँच गया। यह देखकर उसे बहुत निराशा हुई कि वह किसी अन्य नगर जैसा ही था। पास ही में एक धर्मशाला थी। अँधेरा होने लगा था और वह थका हुआ था। इसलिए उसने वहाँ रात बिताने का निर्णय लिया।

अगले सवेरे, जब वह जगा, वह अपने द्वारा एकत्रित किये गये उन भारी पत्थरों को फेंककर अपने गाँव वापस लौटना चाहता था। उसने अपना बस्ता खोला। उसे आश्चर्य हुआ उसने जो देखा। सारे पत्थर बड़े हीरे बन गये थे! एक क्षण में ही वह लखपति बन गया था।

आपको याद है, मैडम, आपने कहानी का अर्थ भी बताया था? एक छात्र का जीवन रेगिस्तान के समान परीक्षाएँ गर्म सूर्य के समान, मुश्किलें गर्म रेत के समान और पढ़ाई भूख और प्यास के समान होते हैं। एक छात्र के रूप में आपको, जैसा कि कहानी में लड़का पत्थर एकत्रित करता है, आपको ज्ञान और कौशल एकत्रित करते हुए अकेले चलना होता है। जितने अधिक आप एकत्रित करेंगे, आपका जीवन उतना ही बेहतर होगा।

कहानी सुनने के बाद, मैंने हर कठिनाई के बावजूद पढ़ने का निर्णय लिया। ढेर सारे दृढ़ निश्चय के साथ और कठिनाइयों को पार करते हुए मैंने विद्यालय में पढ़ाई समाप्त की। सर्विस स्टेशन के मालिक भी सहायता करने वाले थे। जब मेरे अच्छे अंक आये तो उन्होंने ऑटोमोबाइल्स डिप्लोमा के लिए मेरा शुल्क भरने में मेरी सहायता की। पढ़ते समय भी मैं कार्य करता रहा। बाद में मैंने बैंक से कर्ज लेकर यह गैरिज खड़ी की। ईश्वर के आशीर्वाद से, मैं सफल रहा हूँ। मैंने कर्ज वापस चुका दिया है और अब एक मुक्त व्यक्ति हूँ।

मैडम, अमीर लोग नया कार्य आरम्भ करने में आमतौर पर डरते हैं। वे महसूस करते हैं कि अगर कार्य असफल हुआ, तो उनका पैसा डूब जाएगा। मेरे पास कभी कुछ खोने को नहीं था।''

मुझे भी मेरे अनुभव से सीखने को मिला था। ''अब गोपाल कहाँ है?''

''वह आपकी एक और कहानी से प्रेरित था।'' राम उदास दिख रहा था।

''क्या हुआ?''

''आपके द्वारा सुनाई गई दूसरी कहानी में, एक रेगिस्तान में एक सियार था। एक सवेरे वह चलते हुए सूर्य के सामने आया। उसने पाया कि उसकी छाया उससे बड़ी थी। वह इतनी बड़ी थी कि उसने दोपहर के भोजन के लिए ऊँट का शिकार करने का निर्णय लिया। उसने पूरा दिन ऊँट को ढूँढ़ने में लगाया और उन छोटे जीवों पर ध्यान नहीं दिया जिन्हें वह पकड़ सकता था। शाम हो रही थी मगर उसे ऊँट नहीं मिला था। तब तक, उसकी छाया उससे भी छोटी हो गई थी। इसलिए वह चूहे की तलाश में लग गया।

गोपाल सियार के समान था। उसने सदा अपनी क्षमता से बाहर की वस्तुओं को करने का प्रयास किया और बुरी तरह असफल रहा। वह मेरे साथ भी कार्य नहीं करना चाहता। अब वह एक कार्यालय में चपरासी है।''

मैं यह सुनकर, कि मेरे द्वारा उन्हें सुनाई गई छोटी कहानियों ने इतना नाटकीय बदलाव किया था, आश्चर्य के कारण बोलने में असमर्थ थी। उन्हें सुनाते समय मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि ऐसा सम्भव होगा। मैं इन कहानियों की मूल लेखक भी नहीं थी। मैं केवल उस व्यक्ति को शान्ति से नमस्कार कर सकती थी जिसने पहले इन कहानियों को सोचा होगा। क्या उसे इस प्रभाव का पता होगा, जो इतने वर्षों बाद दो बच्चों पर पड़ेगा?

Exercise

A. 1. (a); 2. (c); 3. (a); 4. (a); 5. (b)

B. 1. T 2. F 3. F 4. T

C. 1. The author took her car to the service station, beside the petrol station, to get it serviced.

2. Ram and Gopal were fifteen years old identical twins who worked at the service station.
3. The two boys were enthusiastic who were very cheerful and smiling. They never grumbled or said no about any work they were told to do.
4. The author stopped going to get her car serviced because she got a driver who took the car for servicing.
5. The author was dumbstruck as to how the small stories she had told to Ram and Gopal brought about such dramatic changes.

D. (i) Cooking is an interesting activity. It is an interesting thing to do. Also you can eat and enjoy the results of your cooking. It amuses you and takes your mind off your troubles.

(ii) It was a new and interesting activity. Cooking was good for the children. They also ate and enjoyed the results of their cooking. It amused them and took their minds off their troubles.

E. Do it yourself.

F. Do it yourself.

❑

Half-Yearly Model Test Paper

(Based on Lessons 1 to 8)

A. 1. (c) 2. (b) 3. (b) 4. (b) 5. (a)

B. 1. grounds 2. elf 3. kinsman 4. crest, pulls
5. waterfall, rock

C. 1. (f) 2. (a) 3. (b) 4. (e) 5. (h)
6. (d) 7. (c) 8. (g)

D. 1. The little man granted Patrick a wish because he didn't want to be given back to that cat.
2. He served the Lion for a long time because it was a good life and he had nothing to be afraid of, for there was no stronger beast in the forest than the Lion and no one dared touch the Dog or offend him in any way.
3. He finally chose man as his master because he was stronger than anyone on earth.
4. The raggeder thing we will never see is when the kite flaps on a string in the top of a tree.
5. Suddenly, the poetess' brother thumped her on the back and said that he was in the wrong.

E. **Across (→)**

1. WEARY
2. SCOWLED
3. BREECHES
4. GLITCH
5. ELF

Down (↓)

6. CHORES
7. HAMPER
8. SHRIEKED

❑

Annual Model Test Paper

(Based on Lessons 9 to 17)

A. 1. (a) 2. (c) 3. (c) 4. (a) 5. (a)

B. 1. preserve 2. platform 3. shadow 4. panchayat 5. Jumman, Algu

C. 1. (f) 2. (e) 3. (d) 4. (g) 5. (b) 6. (a) 7. (c)

D.
1. Nasir wants to become a seed collector so as not to spend money on buying new seeds to grow own cotton plants.
2. Algu's problem was that he had sold one of his fine bullocks to a cart driver, Samjhu Sahu, on the condition that the price of the bullock would be paid in a month. But since the bullock died, Sahu refused to pay the money.
3. As head *Panch*, Jumman's verdict was that Sahu should pay Algu the price of the bullock. Algu welcomed the decision and said that a *Panch* has no friend nor enemy.
4. The grandfather gave money to the children to buy books.
5. They went to the small shop to buy books.

E.

1.	identified	**unidentified**
2.	controlled	**uncontrolled**
3.	attended	**unattended**
4.	successful	**unsuccessful**
5.	important	**unimportant**
6.	educated	**uneducated**
7.	interesting	**uninteresting**
8.	qualified	**unqualified**
9.	trained	**untrained**
10.	answerable	**unanswerable**

❑